भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *217 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 13 फ़रवरी, 2026/24 माघ, 1947 (शक) को दिया जाना है

जलमार्ग विकास परिषद 3.0

† ***217. श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव :**

श्री सुधीर गुप्ता :

क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या जलमार्ग विकास परिषद (डब्ल्यूडीसी) 3.0 ने लगभग 15000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) अनुमोदित परियोजनाओं, उनके स्वरूप, स्थान और उनकी अनुमानित लागत तथा उक्त परियोजनाओं के अंतर्गत शामिल किए गए राष्ट्रीय जलमार्गों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार/डब्ल्यूडीसी ने इस संबंध में राज्य सरकारों या अन्य हितधारकों के साथ कोई परामर्श किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) कौन-कौन सी परियोजनाओं का कार्य चल रहा है और उक्त परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है,

(ङ) उक्त परियोजनाओं का देश में कार्गो की आवाजाही, संभार तंत्र दक्षता, रोजगार सृजन और पर्यटन पर क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है; और

(च) उक्त परियोजनाओं का समय पर निष्पादन और पर्यावरणीय अनुकूलता सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/ किए जा रहे हैं?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (च): विवरण, सदन के पटल पर रखा गया है।

"जलमार्ग विकास परिषद 3.0" के संबंध में माननीय सांसद श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव और श्री सुधीर गुप्ता, द्वारा पूछे गए दिनांक 13.02.2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *217 के उत्तर के भाग (क) और (च) में संदर्भित विवरण

(क), (ख) और (घ): कोच्चि, केरल में दिनांक 23.01.2026 को आयोजित अंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद (आईडब्ल्यूडीसी 3.0) की तीसरी (3rd) बैठक के दौरान 1,515 करोड़ रु. की परियोजनाओं की पहचान की गई। परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग): इन सभी परियोजनाओं को आईडब्ल्यूडीसी सहित विभिन्न फोरम पर संबंधित राज्य सरकारों और हितधारकों के साथ परामर्श कर नियोजित किया गया है।

(ङ): परियोजना के प्रभाव निम्नवत हैं: (i) कार्गो एवं क्रूज़ आवाजाही को बढ़ावा (ii) नौ-परिवहन एवं टर्मिनल प्रचालनों में वृद्धि (iii) यात्री एवं वाहनों की आवाजाही में बढ़ोतरी (iv) क्रूज़ पर्यटन नेटवर्क का विस्तार और (v) विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्रीय लॉजिस्टिक तथा संपर्कता पर जोर

(च): इन परियोजनाओं को स्पष्ट उपलब्धियों के साथ समयबद्ध कार्य योजनाओं के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है अथवा किया जाएगा। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) एवं भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई), एमओपीएसडब्ल्यू के अधीन एक स्वायत्त निकाय द्वारा नियमित समीक्षा के माध्यम से समय पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाता है। यह राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के समन्वय द्वारा भी सुनिश्चित किया जाता है। पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभाव आकलन के निष्पादन द्वारा, आवश्यकतानुसार वैधानिक मंजूरी प्राप्त करके, पर्यावरण अनुकूल निर्माण व्यवहारों का पालन करके और पर्यावरणीय विनियमों के अनुपालन के लिए निरंतर निगरानी द्वारा पर्यावरणीय वहनीयता सुनिश्चित की जाती है।

अनुबंध

“जलमार्ग विकास परिषद 3.0" के संबंध में माननीय सांसद श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव और श्री सुधीर गुप्ता द्वारा पूछे गए दिनांक 13.02.2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *217 के उत्तर के भाग (क), (ख) और (घ) में संदर्भित

क्रम सं.	परियोजना	मूल्य (करोड़ रु. में)	राष्ट्रीय जलमार्ग	अवस्थिति/ राज्य	पूरा होने का अपेक्षित समय
आधारशीला रखना					
1	नदी क्रूज़ जेट्टी	51.00	रा.ज.-3, रा.ज.-4, रा.ज.- 100, रा.ज.- 14, रा.ज.-64, रा.ज.- 51 और रा.ज.- 90	केरल, गुजरात, ओडिशा और तेलंगाना	अक्तूबर, 2026
2	रो- रो/ कार्गो टर्मिनल	19.00	रा.ज.-4	मुक्तयाला और हरिश्चंद्रपुरम, आंध्र प्रदेश	अक्तूबर, 2026 और मार्च, 2027
3	तटवर्ती सुविधाएं	80.00	रा.ज.-49	जम्मू और कश्मीर	मार्च, 2027
	पूर्ण योग	**150**			
परिसंपत्ति की खरीद					
1	1 सर्वेक्षण जलयान	3.15	रा.ज.-3	केरल	दिसंबर, 2026

2	4 रो- पैक्स जेट्टी	10.10	रा.ज.-1	बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल	अप्रैल, 2026
3	20 पोंटून	55.10	रा.ज.-1	बिहार और पश्चिम बंगाल	सितंबर, 2026
4	8 क्विक पोंटून ओपनिंग यंत्र	80.61	रा.ज.-1	उत्तर प्रदेश और बिहार	अगस्त, 2027
5	4 हाइब्रिड सर्वेक्षण जलयान	41.51	रा.ज.-1	उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल	फरवरी, 2027
6	8 एंफीबियन ड्रेजर	81.00	रा.ज.-1	उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल	जून, 2027
7	4 कटर सक्शन ड्रेजर	130.99	रा.ज.-1	उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल	नवंबर, 2027
8	टग बराज यूनिट के 3 सेट	62.54	रा.ज.-1	उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल	अप्रैल, 2028
	पूर्ण योग	**465**			
घोषणाएं					
1	स्लीपवे सुविधा	50.00	रा.ज.-3	कोच्चि, केरल	दिसंबर, 2027
2	अप्रोच सड़क	144.00	रा.ज. -2	बोगीबील, असम	मार्च, 2028
3	110 जेट्टी	496.00	पूर्वोत्तर क्षेत्रों में रा.ज.-5, रा.ज.-22,	ओडिशा और पूर्वोत्तर राज्य	अप्रैल, 2028

			रा.ज.-64 और रा.ज.		
4	क्रूज़ टर्मिनल	70.00	रा.ज.-2	उज्जन बाजार, असम	अप्रैल, 2028
5	10 हाइब्रिड इलेक्ट्रिक जलयान	76.00	रा.ज.-49	जम्मू और कश्मीर	दिसंबर, 2026
6	राष्ट्रीय नदी ट्रैफिक और नौवहन प्रणाली	64.00	रा.ज.-28	महाराष्ट्र	मार्च, 2027
	उप जोड़	**900**			
	पूर्ण योग	**1515**			

*****